एस एस खन्ना महिला महाविद्यालय की छात्र कल्याण परिषद के तत्वावधान में छात्राओ की विदाई समारोह कार्यक्रम "शुभकामना 2019" आज दिनांक 16/02/2019 को पाठशाला आडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ छात्राओ ने "शुभ स्वागतम...." गीत से किया । कृष्ण भक्ति पर आधारित कत्थक नृत्य छात्रा आकृति सिंह तथा समूह नृत्य की खूबसूरत प्रस्तुति की । मिस फेयरवल प्रतियोगिता में अंतिमा पाण्डेय मिस फेयरवेल चुनी गयी तथा प्रथम रनरअप माग्रेट, द्वितीय रनरअप इरम हफीज ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. मंजरी शुक्ला, डॉ. शुभ्रा मालवीया, डॉ. बलजीत कौर शामिल थी। प्राचार्या प्रो. लालिमा सिंह ने विजेताओ को क्राउन पहनाया। न्यायमूर्ति श्री अरुण टण्डन ने छात्राओ का उत्साहवर्धन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की कामना की। स्वागत् छात्र कल्याण परिषद के अध्यक्ष डॉ. रचना आनंद गौड तथा धन्यवाद डॉ. नीरजा सचदेव ने दिया। संचालन छात्रा अमनजोत कौर एवं आकृति मिश्रा ने किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री अरुण टण्डन, प्राचार्या प्रो. लालिमा सिंह, श्रीमति अंशिका बुद्धवार, श्रीमती कृष्णा बैनर्जी , डॉ. आशा उपाध्याय सहित अन्य सभी अध्यापकगण तथा छात्राएं उपस्थित थी ।